# रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार है चीन



### रूसी राष्ट्रपति पुतिन की जयशंकर से मुलाकात

**मॉस्को/नई दिल्ली, 21 अगस्त. विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अपनी मॉस्को यात्रा के तीसरे दिन गुरुवार को रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मिले. इस दौरान दोनों नेताओं ने भारत-रूस की विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने तथा साल के अंत में होने वाले वार्षिक शिखर सम्मेलन की तैयारियों पर चर्चा की.**

बैठक में राजनीतिक, व्यापार, निवेश, रक्षा, विज्ञान-प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच आदान-प्रदान जैसे अहम मुद्दे शामिल रहे. बुधवार को जयशंकर ने रूस के प्रथम उप-प्रधानमंत्री मंतुरोव से भी अहम मुलाकात की थी. संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जयशंकर ने स्पष्ट किया कि रूस का सबसे बड़ा तेल खरीदार भारत नहीं, बल्कि चीन है. उन्होंने कहा कि भारत अमेरिकी तेल भी बड़ी मात्रा में खरीदता है और उसका उद्देश्य विश्व ऊर्जा बाजार को स्थिर करना है. जयशंकर ने कहा कि भारत का उद्देश्य संतुलित और टिकाऊ तरीके से द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाना है. उन्होंने कृषि, फार्मा और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में भारतीय निर्यात को बढ़ाने पर जोर दिया ताकि व्यापार असंतुलन को दूर किया जा सके. साथ ही उन्होंने रक्षा और सैन्य-तकनीकी सहयोग को भारत के 'मेक इन इंडिया' कार्यक्रम के अनुरूप आगे बढ़ाने की भी पुष्टि की. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर की मॉस्को में मुलाकात हुई.

> रूसी विदेश मंत्रालय के अनुसार, वार्ता का एजेंडा परिवहन, ऊर्जा, कृषि और वित्तीय संपर्कों को सुगम बनाने पर केंद्रित रहा. दोनों देशों ने राष्ट्रीय मुद्राओं में लेनदेन को बढ़ावा देने और पश्चिमी देशों के प्रतिबंधों से स्वतंत्र सहयोग को मजबूत करने पर भी चर्चा की. बैठक में क्षेत्रीय मुद्दों, विशेषकर रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया और अफगानिस्तान की स्थिति पर भी विचार-विमर्श हुआ. जयशंकर ने संवाद और कूटनीति के जरिए मतभेद सुलझाने की आवश्यकता दोहराई.

पुतिन मुस्कुराते हुए हॉल में आए और जयशंकर को देखते ही हाथ मिलाया. क्रेमलिन ने इस बैठक का आधिकारिक ब्यौरा जारी किया है. इसी महीने की शुरुआत में एनएसए अजीत डोभाल भी पुतिन से मिले थे. वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और पुतिन इस महीने दो बार बातचीत कर चुके हैं.

## भ्रामक विज्ञापन देने पर रैपिडो पर 10 लाख का जुर्माना

**नईदिल्ली, 21 अगस्त.** केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने रोपेन ट्रांसपोर्टेशन सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (रैपिडो) पर भ्रामक विज्ञापन प्रकाशित करने और अनुचित व्यापार व्यवहार के लिए 10 लाख रुपये का जुर्माना भरने का आदेश दिया है. प्राधिकरण ने यह कार्रवाई उपभोक्ता अधिकारों के संरक्षण के लिए किया है. साथ ही ऑनलाइन कैब व बाइक राइड बुक करने वाले प्लेटफॉर्म रैपिडो को यह सुनिश्चित करने को भी कहा है कि 5 मिनट में ऑटो या 50 रुपये प्राप्त करें ऑफर वाली योजना में शामिल उपभोक्ताओं को वायदे के मुताबिक अगर 50 रुपये मुआवजा नहीं मिला है, तो उन्हें बिना किसी देरी के पूरी राशि दी जाए.



## उपराष्ट्रपति पद के लिए समर्थन जुटाने में जुटे सुदर्शन रेड्डी

### रेड्डी की अरविंद केजरीवाल से अहम मुलाकात

**नईदिल्ली, 21 अगस्त. गठबंधन ने उपराष्ट्रपति पद के लिए बी. सुदर्शन रेड्डी को अपना उम्मीदवार बनाया है. अब वे दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करने वाले हैं.**

इस महत्वपूर्ण बैठक में उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर समर्थन की चर्चा हो सकती है. माना जा रहा है कि यह मुलाकात विपक्षी खेमे में एकजुटता और रणनीतिक साझेदारी को और गहरा बनाने की दिशा में एक अहम पहल साबित हो सकती है. विपक्षी गठबंधन द्वारा उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में नामित बी. सुदर्शन रेड्डी दिल्ली में अरविंद केजरीवाल से मुलाकात करेंगे. राजनीतिक हलकों में इसे उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले समर्थन जुटाने की कवायद के रूप में देखा जा रहा है. सूत्रों के मुताबिक, सुदर्शन रेड्डी इस मुलाकात में आम आदमी पार्टी से उपराष्ट्रपति चुनाव में समर्थन की अपील करेंगे.

### उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले महाराष्ट्र में राजनीति गरमाई



महाराष्ट्र में राजनीतिक पारा एक बार फिर चढ़ने लगा है. उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर भाजपा और राजग ने रणनीतिक तौर पर अपनी सियासी बिसात बिछानी शुरू कर दी है. मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे और राकांपा (एसपी) सुप्रीमो शरद पवार से फोन पर बात की, जिससे नए राजनीतिक समीकरणों की अटकलें तेज हो गई हैं. महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को राकांपा (एसपी) प्रमुख शरद पवार से फोन पर बात की. यह बातचीत ऐसे मौके पर हो रही है जब 9 सिंतबर को उपराष्ट्रपति चुनाव होने वाला है.

# किसानों से लूट बदर्शत नहीं : शिवराज

### खाद-बीज को लेकर केंद्रीय कृषि का बयान

**नई दिल्ली, 21 अगस्त. केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि खाद और बीज के व्यापार में किसानों के साथ ठगी और बेइमानी करने वालों से सरकार कड़ाई से निपटेगी.**



चौहान अपने मंत्रालयों के अधिकारियों और कर्मचारियों के एक सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे. वृहद 'कर्मचारी संकल्प सम्मेलन' का आयोजन राजधानी में पूसा में आयोजित किया गया था. कृषि मंत्री ने कहा, नकली खाद-बीज और कीटनाशक के नाम पर किसान लुटते रहे और हम देखते रहे, अब ऐसा बिल्कुल नहीं होगा, बेइमानों को हम छोड़ेंगे नहीं. उन्होंने अपने विभागों के सभी कर्मियों से आम जनता और खास कर किसानों की जिंदगी की बेहतरी के लिए पूरे सेवा भाव से काम करने का गुरुवार को आह्वान किया. उन्होंने कहा, हमारे लिए जरूरी है कि दिन-प्रतिदिन हम और बेहतर करें, गड़बड़ी रोकें, किसानों को हर तरह से राहत मिलें, यहीं हमारा उद्देश्य है.

> मंत्री शिवराज ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लाल किले की प्राचीर से दिये उद्बोधन की याद दिलायी कि 'सरकार फाइल में नहीं, जनता की लाइफ में दिखना चाहिए.' उन्होंने मंत्रालय कर्मियों का आह्वान किया, हम इसी दिशा में संकल्पित होकर आगे, जीवन में हरेक दिन, हर क्षण महत्वपूर्ण, अपनी जनता की जिंदगी को बेहतर बनाने में अपना-अपना पूरा योगदान करें. उन्होंने कहा, हमारा काम राष्ट्र निर्माण का है, हम सभी इस भावना से काम करें.

## फिजी के प्रधानमंत्री राबुका रविवार को यात्रा पर भारत आएंगे

**नई दिल्ली 21 अगस्त.** फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगामामादा राबुका आगामी रविवार को भारत की तीन दिन की यात्रा पर आएंगे. विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि उनके साथ उनकी पत्नी सुलुएती राबुका भी आएंगी. फिजी के प्रतिनिधिमंडल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सेवा मंत्री रातू अटोनियो लालबालावु और वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे. राबुका की प्रधानमंत्री बनने के बाद पहली भारत यात्रा होगी. वह 25 अगस्त को प्रधानमंत्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे. प्रधानमंत्री मोदी गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे. राबुका का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से भी मुलाकात का कार्यक्रम है.

# अमेरिका ने लगाए आईसीसी कर्मचारियों पर प्रतिबंध



**वाशिंगटन 21 अगस्त. अमेरिकी विदेश विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) में कार्यरत चार कर्मचारियों पर प्रतिबंध लगा दिए.**

ये लोग दोनों देशों की सहमति के बिना अमेरिकी और इज़रायली कर्मियों की जांच, गिरफ्तारी, हिरासत या मुकदमा चलाने के लिए आईसीसी द्वारा की गई कार्रवाइयों में सीधे तौर पर शामिल थे. अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिकी कर्मियों की आईसीसी की जाँच को अधिकृत करने और इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और पूर्व रक्षा मंत्री योआव गैलेंट के लिए आईसीसी द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी करने को अधिकृत करने के लिए दो आईसीसी न्यायाधीशों को नामित किया गया था.

## एक नजर में


### यांगून में भूकंप के तेज झटके महसूस हुए

**यांगून, 21 अगस्त.** म्यांमार के यांगून शहर में गुरुवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किये गये. रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5 .1 मापी गयी. म्यांमार के मौसम विज्ञान एवं जल विज्ञान विभाग (डीएमएच) ने बताया कि स्थानीय समयानुसार लगभग आज पूर्वाह्न नौ बजकर 28 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए. भूकंप के झटके कुछ सेकेंड तक महसूस किय गये. भूकंप का केंद्र यांगून क्षेत्र के कुंगंयांगून शहर से लगभग 28 मील दक्षिण-पूर्व में 16 .08 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 96 .22 डिग्री पूर्वी देशांतर पर जमीनी स्तर से 28 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था. भूकंप से किसी के हताहत और संपत्ति के नुकसान की अभी तक कोई रिपोर्ट नहीं आयी है.

### सुप्रीम कोर्ट से इमरान खान को जमानत

**इस्लामाबाद,21 अगस्त.** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है. अदालत ने 9 मई, 2023 को हुए दंगों से संबंधित आठ मामलों में उनकी जमानत याचिका मंजूर कर ली है. मुख्य न्यायाधीश याह्या अफरीदी की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने गुरुवार को याचिकाओं पर सुनवाई की. इस दौरान इमरान खान की ओर से वकील सलमान सफदर ने पैरवी की, जबकि पंजाब सरकार की ओर से विशेष अभियोजक जुल्फिकार नकवी ने पक्ष रखा. अदालत ने स्पष्ट किया कि वह मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी नहीं करेगी और केवल कानूनी बिंदुओं पर सुनवाई होगी.

### सीएम पर हमला करने वाला आरोपी रिमांड पर



**नईदिल्ली, 21 अगस्त.** दिल्ली की राजनीति उस वक्त हिल गई जब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान हमला हुआ. हमलावर की पहचान गुजरात के राजकोट निवासी राजेशभाई खिमजी भाई सकरिया (41) के रूप में हुई है, जिसे पुलिस ने तत्काल काबू में ले लिया. अब कोर्ट ने उसे 5 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है. घटना बुधवार सुबह की है, जब मुख्यमंत्री आवास पर फरियादी बनकर आए आरोपी ने पहले उन्हें कुछ कागज़ दिए, फिर अचानक चीखते हुए उनके बाल और हाथ पकड़ लिए और धक्का-मुक्की करने लगा. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी ने सीएम को थप्पड़ भी मारा, हालांकि बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने इस दावे को नकारा है.

### यूएनओ महासचिव ने की युद्धविराम की अपील

**संयुक्त राष्ट्र, 21 अगस्त.** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने बुधवार को इज़राइल की उच्च योजना समिति द्वारा क़ब्ज़े वाले पश्चिमी तट के ई1 क्षेत्र में 3,400 से अधिक आवास इकाइयों को मंजूरी देने के फ़ैसले की निंदा की. संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता स्टीफ़न दुजारिक ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी .बयान में कहा गया है, पूर्वी यरुशलम सहित क़ब्ज़े वाले पश्चिमी तट पर इज़राइली बस्तियां अंतर्राष्ट्रीय क़ानून का उल्लंघन हैं और संयुक्त राष्ट्र के प्रस्तावों के खिलाफ हैं.

# 40 मिसाइलों से रूस का यूक्रेन पर हमला

### पुतिन-जेलेंस्की वार्ता से पहले बढ़ा तनाव

**कीव/मॉस्को,21 अगस्त. रूस ने यूक्रेन पर अब तक का सबसे भीषण हवाई हमला किया है. बीते 24 घंटे में रूस ने 574 ड्रोन और 40 मिसाइलें दागीं, जिससे राजधानी कीव, पश्चिमी शहर लवीव और ट्रांसकारपाथिया क्षेत्र धुआं-धुआं हो गए.**

यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक, लवीव पर हमले में एक नागरिक की मौत हो गई, जबकि दक्षिण-पश्चिमी इलाके में 15 लोग घायल हुए हैं. यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब रूस और यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की तैयारी चल रही है.



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता में दोनों देशों के बीच सीधी बातचीत का रास्ता बना है. राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने संकेत दिए हैं कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से स्विट्जरलैंड या ऑस्ट्रिया में मुलाकात के लिए तैयार हैं. साथ ही उन्होंने इस्तांबुल को भी विकल्प के तौर पर स्वीकार्य बताया. जेलेंस्की ने कहा कि रूस की यह आक्रामकता बताती है कि युद्ध खत्म करने के प्रयास कितने जरूरी हैं.

> जानकारी के मुताबिक, पुतिन-जेलेंस्की मुलाकात का विचार ट्रंप और पुतिन की अलास्का में हुई बैठक के बाद सामने आया. इसके बाद ट्रंप ने व्हाइट हाउस में जेलेंस्की और यूरोपीय नेताओं के साथ वार्ता की मेजबानी भी की. ट्रंप ने प्रारंभ में त्रिपक्षीय वार्ता का प्रस्ताव दिया था, लेकिन अब उन्होंने संकेत दिया है कि संभवत: वह सीधे शामिल नहीं होंगे.

# कांग्रेस व सपा के राज में तबाही का मंजर

### सीएम योगी ने एटा में सीमेंट प्लांट का उद्घाटन

**एटा, 21 अगस्त. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एटा में सीमेंट प्लांट का उद्घाटन करते हुए पूर्ववर्ती सरकारों पर जबरदस्त हमला बोला.**

उन्होंने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था को पहले मुगलों और फिर अंग्रेजों ने बर्बाद किया, लेकिन जो थोड़ा बहुत बचा था, उसे कांग्रेस और सपा ने तहस-नहस कर दिया. योगी ने पीएम मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि अब भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है. एटा में सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्री सीमेंट के नए प्लांट का उद्घाटन करते हुए जनता को विकास के नए युग की झलक दिखाई. इस दौरान उन्होंने पूर्ववर्ती कांग्रेस और समाजवादी पार्टी की सरकारों पर तीखा हमला बोला. उन्होंने कहा, पहले मुगलों ने लूटा, फिर अंग्रेजों ने तबाह किया और जो कुछ भी बचा था, उसे कांग्रेस और सपा ने बर्बाद किया. इन दलों ने देश को पहचान का संकट दे दिया. योगी ने कहा कि 1907 में भारत छठी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था, लेकिन 2014 तक यह 11वें स्थान पर पहुंच गया.



> सीएम योगी ने कहा कि पीएम मोदी की नीतियों की तारीफ करते हुए कहा कि अब भारत चौथे नंबर पर है और जल्द ही तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा. सीएम ने एटा के बदले हालात का जिक्र करते हुए कहा कि अब एटा माफियाओं के कब्जे वाला क्षेत्र नहीं, बल्कि निवेश और रोजगार का केंद्र बन चुका है. उन्होंने बताया कि एक ओर सरकार ने थर्मल पावर प्लांट लगाया, वहीं सीमेंट ने 700 करोड़ रुपये का निवेश कर उद्योग लगाया है. इससे हजारों लोगों को रोजगार मिलेगा और क्षेत्र की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी. उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध और अपराधियों के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति ही प्रदेश के विकास का आधार है. योगी के इस दौरे को चुनावी नजरिए से भी अहम माना जा रहा है.

# मानव रहित मिशन इसी साल, 2027 में जायेंगे अंतरिक्ष यात्री

**नई दिल्ली, 21 अगस्त. भारत के अपने अंतरिक्ष मिशन गगनयान की तैयारी का 80 प्रतिशत काम पूरा हो गया है और इस साल के अंत तक पहला मानव रहित मिशन लॉन्च किया जायेगा जबकि साल 2027 के आरंभ में अंतरिक्ष यात्रियों को भेजा जायेगा.**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान बताया कि गगनयान मिशन की तैयारी का काम जोरशोर से चल रहा है. व्हीकल हेल्थ मैनेजमेंट सिस्टम, क्रू इस्केप सिस्टम और पैराशूट का विकास आदि समेत 80 प्रतिशत तैयारी पूरी कर ली गयी है. शेष 20 प्रतिशत काम भी मार्च 2026 तक पूरे कर लिए जायेंगे.



डॉ. नारायणन ने कहा कि इस साल की अंतिम तिमाही में, संभवत: दिसंबर के आसपास, पहला मानव रहित मिशन जी-1 लॉन्च किया जायेगा.

इसके बाद साल 2027 में इसरो पहली बार मावन मिशन अंतरिक्ष में भेजेगा.

उन्होंने बताया कि हाल ही में वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला अंतरिक्ष में जाने वाले दूसरे और अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर जाने वाले पहले भारतीय बने. वह एक्सिओम-4 मिशन में पायलट के तौर पर आईएसएस पर गये थे. उन्होंने वहां अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष में खेती जैसे क्षेत्रों में सात प्रयोग किये और उनके इस अनुभव से गगनयान मिशन में काफी मदद मिलेगी.

संवाददाता सम्मेलन में अंतरिक्ष विभाग के राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह, शुक्ला, ग्रुप कैप्टन और प्रशांत नायर भी मौजूद थे. शुक्ला और श्री नायर गगनयान के चार संभावित क्रू सदस्यों में शामिल हैं. अन्य दो संभावित क्रू सदस्य अजित कृष्णन और अंगद प्रसाद हैं.

## आज का इतिहास

1717 स्पेनिश सैनिकों ने सर्दीनिया पर उतारा गया।

1762 एन. फ्रेंकलिन अमेरिकी अखबार न्यूपोर्ट आर आई, मर्करी की पहली महिला संपादक बनी।

1775 किंग जॉर्ज ने खुले विद्रोह में शामिल होने के लिए कॉलोनियों की घोषणा की।

1791 हाईटियन क्रांति की शुरुआत करते हुए, सेंट-डोमिंग्यू के फ्रांसीसी उपनिवेश में एक गुलाम विद्रोह हुआ।

1795 राष्ट्रीय संविधान द्वारा संविधान की पुष्टि की गई।

1798 आयरिश विद्रोह की सहायता के लिए फ्रांसीसी सैनिकों काउंटी मायो में किल्कमुमिन में स्थित किया गया।

## गोलचा होगें दिल्ली पुलिस के नये आयुक्त

**नईदिल्ली, 21 अगस्त.** भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारी सतीश गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है. गृह मंत्रालय ने गुरुवार को एक आदेश जारी कर कहा कि सक्षम अधिकारी की मंजूरी से गोलचा को दिल्ली का नया पुलिस आयुक्त नियुक्त किया गया है.

KOLHAPUR MUNICIPAL CORPORATION, KOLHAPUR
PUBLIC WORKS DEPARTMENT

TENDER NOTICE NO. 54

Online tenders through E-Tendering system are invited from contractors for The fourth phase of the work to renovate, preserve, conserve and reconstruct the Sangeet Surya Keshavrao Bhosale Theatre and Rajarshi Shahu Khasbagh Wrestling Ground in the Kolhapur Municipal Corporation area it includes stage electrification, drapery, audio-video, chairs and ancillary works. The detailed tender notice can be downloaded from the e-tendering website www.mahatenders.gov.in. Date of tender submission from 22/08/2025 09.30 AM to 29/08/2025 at 3.30 PM. Pre Bid Meeting on 25/08/2025 Tender Opening Date 03/09/2025 at 4.00 pm.

Date 21/08/2025

Sd/-
City Engineer
Kolhapur Municipal Corporation

# अंतरिक्ष यात्रा से भविष्य की झलक : राजनाथ

**नईदिल्ली, 21 अगस्त. राजनाथ- भारत के लिए एक ऐतिहासिक क्षण में, पहली बार अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला से मुलाकात कर देशवासियों का सीना गर्व से चौड़ा हो गया. इस मुलाकात में उनकी अंतरिक्ष यात्रा, कक्ष में किए गए वैज्ञानिक प्रयोग, और विज्ञान व प्रौद्योगिकी में हो रही उन्नतियों पर विस्तार से चर्चा की गई.**

शुक्ला की यह यात्रा सिर्फ तकनीकी उपलब्धि नहीं, बल्कि युवा भारत के लिए एक प्रेरणास्त्रोत बन गई है. उन्होंने न सिर्फ भारतीय ध्वज को अंतरिक्ष में लहराया, बल्कि उन प्रयोगों में भी भाग लिया जो पृथ्वी पर जीवन को बेहतर बनाने में सहायक होंगे.



> उनके अनुभव भारत के गगनयान मिशन को एक नई दिशा देंगे और युवाओं के भीतर वैज्ञानिक सोच को और मजबूत करेंगे. इस ऐतिहासिक यात्रा से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब न केवल अंतरिक्ष की दौड़ में भागीदार है, बल्कि अगुवा बनने की दिशा में अग्रसर है. शुक्ला की उपलब्धि ने देश को वैश्विक मंच पर एक नया सम्मान दिलाया है. उनकी यह यात्रा इस बात का प्रमाण है कि अगर संकल्प हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं. आज शुभांशु शुक्ला एक नाम ही नहीं, बल्कि हर उस युवा का सपना हैं जो आकाश को छूना चाहता है.

## एनआई ने तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे

**नई दिल्ली, 21 अगस्त.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने गुरुवार सुबह 2019 के रामलिंगम हत्याकांड के सिलसिले में तमिलनाडु में नौ ठिकानों पर छापे मारे और प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया आतंकवादी संगठन से संबंधित एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. एनआईए की टीमों का तमिलनाडु के दो जिलों में की गई कार्रवाई का मकसद रामलिंगम हत्याकांड से जुड़े फरार घोषित अपराधियों का पता लगाना था. इस कांड को लोगों में भय और सांप्रदायिक नफरत फैलाने के मकसद से अंजाम दिया गया था. एनआईए ने कोडईकनाल स्थित अंबुर बिरयानी होटल्स के मालिक इम्थातुल्लाह को 2021 से अपने होटल में फरार घोषित अपराधियों को शरण देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया.

## एके-47 बरामदगी मामले में एनआईए ने छापेमारी की

**हाजीपुर.** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आज तड़के बिहार के मुजफ्फरपुर से एके-47 बरामदगी मामले में वैशाली जिले में छापेमारी की. आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सूचना के आधार पर एनआईए की छह सदस्यीय टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से हाजीपुर के डाक बंगला चौक स्थित ऑटो स्टैंड संचालक राजू राय के आवास पर छापमारी की.

M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT BOARD

NOTICE INVITING TENDER

Online percentage rate bids are invited for the following works from Registered Contractors fulfiling registration criteria :-

| S. No. | System Tender No. | Tender Name | PAC (Rs. Lakh) | EMD (Rs.) | Tender Fee | Completion of Work | Date of Tender Purchase & Bid Submission | Tender Open Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_ MPHID_ 444637 | Construction of Ayush Department Aushdhalaya at Madla District Panna (M.P.) | 37.68 Lakh | Rs. 50000/- (Fifty Thousand Only) | 5900.00 (I/C) GST | 6 months i/c rainy season | 22.08.2025 10.30 AM TO 10.09.2025 17:30 Hrs. | ENVELOPE-A & C 11.09.2025 17:30 Hrs. |

Note :- (1) Interested bidders can view the detailed NIT on website www.mphousing.in and https://www.mptenders.gov.in. (2) The bid document(s) can be purchased online only as per schedule :- 22.08.2025 at 10.30 AM. To 10.09.2025 at 17.30 Hrs. (3) Amendments to NIT, if any would be published on website only. (4) Original Affidavit should be submitted on online. (5) Other required document & EMD will be accepted ONLINE Only. (6) The agency should be registered in PWD Centralization system.

Visit us : www.mphousing.in/Email : eedmohb@mp.gov.in
/ mphidb X/ mphidb
(EXECUTIVE ENGINEER)
Div. Damoh, Ph. : 07812-223809
M.P. Madhyam/121662/2025